29/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सिक्किम और पूरा पूर्वोत्तर भारत की प्रगति में एक उज्ज्वल अध्याय के रूप में उभर रहा है। आज सिक्किम @50 कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सिक्किम के विकास में पूरी तरह से सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि सिक्किम एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनने जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि सेवोके-रोंगपो रेलवे लाइन सिक्किम को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ेगी और पिछले 10 वर्षों में राज्य में लगभग 400 किलोमीटर नए राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है।

0000000000000000000000000

विदेश मंत्रालय ने आज कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत के मामले में भारत का रुख बिल्कुल स्पष्ट है और दोहराया कि कोई भी बातचीत द्विपक्षीय होनी चाहिए। आज दोपहर नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। सिंधु जल संधि पर प्रवक्ता ने कहा कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता, तब तक यह संधि स्थगित रहेगी।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। बैठक में उन्होंने हाल ही में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (DoNER) द्वारा आयोजित **'राइजिंग नॉर्थईस्ट'** पहल पर चर्चा की।

व्यापारिक घरानों और उद्यमों के साथ समझौता ज्ञापन हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन को बधाई देते हुए राज्यपाल ने राज्य में व्यापार विस्तार और नए निवेश के लिए और अधिक अवसर तलाशने का सुझाव दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने **'राइजिंग नॉर्थईस्ट'** कार्यक्रम के दौरान प्राप्त इंपुट्स साझा की, जिसमें उद्योग जगत के नेताओं की प्रतिक्रिया और परिणामों पर प्रकाश डाला गया।

0000000000000000000000000

राज्य के कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू द्वारा आज ईटानगर में एक औपचारिक समारोह के दौरान राज्य में **"विकसित कृषि संकल्प अभियान"** का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने **'कृषि रथ'** को भी हरी झंडी दिखाई, जो पूरे राज्य में कृषक समुदायों तक पहुंचेगा। मीडिया से बात करते हुए श्री वांगसू ने कहा है कि, अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्रों के कृषि वैज्ञानिक और कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी राज्य भर के दूरदराज के गांवों का दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य बातचीत के माध्यम से किसानों से जुड़ना, आधुनिक कृषि में नए तकनीकों और वैज्ञानिक खेती के तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस बीच, अंजाव जिले के किबिथू और तवांग के ज़ेमीथांग में भी एक साथ विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई। ज़ेमीथांग में, कार्यक्रम की शुरुआत तवांग के उपायुक्त कांकी दरंग द्वारा खारटोथ गांव से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर की गई।

0000000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल ने आज दिबांग वैली जिले के गिपुलिन गांव में **विकसित कृषि संकल्प अभियान** का शुभारंभ करते हुए कहा कि जागरूकता, योजनाओं और प्रौद्योगिकी तक पहुंच के माध्यम से हमारे किसानों को सशक्त बनाना एक आत्मनिर्भर कृषि अर्थव्यवस्था के निर्माण की कुंजी है। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने और फसल उत्पादकता में सुधार करने के लिए स्थानीय किसानों को सोयल हेल्ट चार्ड और हाइब्रीड सीड्स वितरित किए गए। मंत्री ने जिले भर में यात्रा करने के लिए दो कृषि रथों को भी हरी झंडी दिखाई, जिससे किसानों के बीच नई कृषि तकनीकों और केंद्रीय कल्याण योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़े।

0000000000000000000000000

अपर सियांग के जिला उपायुक्त-सह-अध्यक्ष स्वास्थ्य सोसायटी तालो जेरांग ने टीकाकरण पर जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें शून्य खुराक कार्यान्वयन योजना, विशेष टीकाकरण अभियान सहित प्रमुख पहलों की समीक्षा और चर्चा की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे और गांवों के सबसे दूरदराज के कोनों तक भी पहुंचा जा सकें। सभी हितधारकों से बात करते हुए, उपायुक्त ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासिघाट में चल रहें हांगपन दादा मेमोरियल ट्रोफी 2025 में आज खेले गए मुकाबलों में, लड़कों के फ़ुटबॉल में ईस्ट सियांग और सियांग की टेम ने वेस्ट सियांग और कुरुंग कुमे को हराकर क्वारटर फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बीच, लड़कियों की बॉलिबॉल स्पर्धा में अपर सुबनसिरी और वेस्ट कामेंग ने आज बिछोम और तिराप को हराकर अगले पड़ाव में कदम रखा है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के **17** जिलों, तवांग, ईस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग-कुमे, कामले, अपर सुबानसिरी, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, शी-योमी, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, और नामसाई के लिए येलो अलर्ट और वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, लोहित, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने के साथे ही तेज हवांए चलने की संभवना है।

0000000000000000000000